प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिये प्रदेश में प्रचार तेज : अमित शाह ने कुशीनगर और सलेमपुर तथा सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजीपुर और चंदौली में जनसभाओं को किया संबोधित।
2. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज लखनऊ में नैक संकल्प कार्यशाला का किया शुभारंभ : कहा– प्रदेश में नैक मूल्यांकन को लेकर विकसित हुआ है सकारात्मक माहौल।
3. ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल कल : लखनऊ के हनुमान सेतु और पुराने हनुमान मंदिर में लगेगा मेला : भक्तों की भीड़ को देखते हुए बदला रहेगा यातायात मार्ग।

और

4. प्रदेश में लू और तेज गर्मी का सिलसिला जारी : बीते 24 घंटों में झांसी में अधिकतम तापमान 47 दशमलव छह डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज।

———————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है, विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों ने आज अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। इसी क्रम में केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने आज पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में कुशीनगर, सलेमपुर और चंदौली में जनसभाओं को संबोधित

किया। श्री शाह ने कहा कि 4 जून को राहुल गांधी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और इंडिया गठबंधन की हार के लिए ईवीएम को जिम्मेदार ठहराएंगे। उन्होंने कहा कि 4 जून के नतीजों के बाद कांग्रेस की हार की जिम्मेदारी उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर डाली जायेगी। उन्होंन कहा कि यह चुनाव देश के विकास के लिए है, देश को सुरक्षित करने के लिए है। यह चुनाव हमारे धर्म और संस्कृति की रक्षा का चुनाव है। यह देश के गरीबों के कल्याण के लिए है। श्री शाह ने कहा कि एनडीए 4 जून को 400 से अधिक सीटें हासिल करेगा और नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे।

बाइट..........

*पाँच चरण में मोदी जी तीन सौ दस सीटें पार कर चुके है यह छठा हो गया सातवां होने वाला है आप लोगों को चार सौ पार कराना है। चार तारीख का परिणाम कहता हूँ राहुल बाबा आपकी पार्टी को चालीस भी पार करना नहीं है। मेरी बात याद रखना। देश की जनता ने तय किया है। अगले पाँच साल नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री रहेंगे।*

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसदीय सीट वाराणसो में कई बैठकों को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सत्ता में हैं, तब तक धर्म के आधार पर आरक्षण लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने विपक्ष पर धर्म के आधार पर आरक्षण देने की योजना बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि संविधान में साफ लिखा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता। अपनी वाराणसी यात्रा के

दौरान, श्री नड्डा ने काल भैरव मंदिर और काशी विश्वनाथधाम में पूजा–अर्चना भी की।

प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने आज बलिया, रॉबर्ट्सगंज, घोसो और वाराणसी में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोगों ने बदलते भारत को देखा है. उन्होंने कहा कि 2014 से पहले के भारत और आज के भारत में बहुत बड़ा अंतर है।

उधर, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलश यादव ने आज गाजीपुर और चंदौली में जनसभाओं को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। सपा मुखिया ने कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादों से परेशान है।

यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और बसपा ने अंदर ही अंदर हाथ मिला लिया है। बाइट.........

*ये संविधान बचाने का भी चुनाव है और ये संविधान है जो हमें सम्मान दिलाता है। यही संविधान है जो हमारे हाथ अधिकार की रक्षा करता है। यही संविधान है जो हमारी संजीवनी है के बीजेपी और बीएसपी ने अंदर ही अंदर हाथ मिला रखे हैं। इसलिए जहाँ हम अपने लोगों से सहयोग और समर्थन मांग रहे हैं। वही अपने हम बहुजन समाज के लोगों से भी अपील करना चाहते हैं की ये चुनाव  बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी के संविधान को बचाने का है इसलिए हमारा प्दकपं गठबंधन का साथ दीजिए सहयोग कीजिए जिससे आने वाले समय में हम लोग बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी का संविधान बचा सके।*

वाराणसी में आज कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पत्रकार वार्ता में दावा किया कि इंडिया गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। ऐसे में खुद को हारता हुए देख

भाजपा झूठ फैला रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी का आरक्षण समाप्त नहीं करेगी।

——————————

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इसमें पूर्वांचल की अहम सीटों में गाजीपुर लोकसभा सीट भी शामिल है। अंसारी परिवार के प्रभाव वाली यह सीट मुख्तांर अंसारी की जेल में मौत के कारण बीते दिनों पूरे देश में चर्चा में रही है। इस सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के कद्दावर नेता मनोज सिन्हा को हार का सामना करना पड़ा था। इस सीट पर इस बार भाजपा ने मनोज सिन्हा के करीबी और राष्टोय स्वंयसेवक संघ से दशकों से जुड़े शिक्षक पारसनाथ राय को चुनावी मैदान में उतारा है। उनके अलावा नौ अन्य प्रत्याशी भी चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.......

*पूर्वांचल में वाराणसी के बाद गाजीपुर दूसरी सबसे प्रमुख सीट मानी जाती है। इस सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के बड़े नेता मनोज सिन्हा को हार मिली थी। एक समय प्रदेश के मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में गिने जाने वाले मनोज सिन्हा को बहुजन समाज पार्टी के अफजाल अंसारी ने एक लाख 19 हजार 392 मतों से हराया था। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी यहां पर तीसरे स्थान पर रही थी। इस बार अफजाल अंसारी इंडिया गठबंधन से बतौर सपा प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। अफजाल अंसारी पांच बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके हैं। भाजपा ने इस सीट पर मनोज सिन्हा के करीबी माने जाने वाले पारसनाथ राय को प्रत्याशी बनाया है। पारसनाथ राय पेशे से शिक्षक हैं और पंडित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज के प्रबंधक भी हैं। वहीं बसपा ने उमेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है, जो पेशे से वकील हैं। सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रचार तेज कर दिया है। गाजीपुर श्रीराम राय कमलेश।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज लखनऊ के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला– नैक संकल्प का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संस्थाओ के प्राचार्यों और निदेशकों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में नैक मूल्यांकन को लेकर सकारात्मक माहौल विकसित हुआ है। विश्वविद्यालय नैक में अच्छी ग्रेडिंग पा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों का फीडबैक लेकर उनकी शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाना चाहिये।

——————————

लखनऊ में कल ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल के मौके पर हनुमान मंदिरों में बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट ने यातायात मार्ग में परिवर्तन किया है। लखनऊ में कल के अलावा 4 जून, 11 जून और 18 जून को बड़ा मंगल मनाया जाएगा। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल को लखनऊ के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। खासकर पुराने हनुमान मंदिर अलीगंज और हनुमान सेतु मंदिर में विशाल मेले का आयोजन होता है। साथ ही अलग अलग जगहों पर भक्त भंडारों का आयाजन भी करते हैं। इसको देखते हुए चारों बड़े मंगल पर लखनऊ में यातायात मार्ग में परिवर्तन रहेगा। एसीपी यातयात ने बताया कि सीतापुर रोड की ओर से आने वाले भारी वाहन, रोडवेज एवं सिटी बसें पुरनिया रेलवे क्रासिंग और डालीगंज रेलवे क्रासिंग से कपूरथला और आईटी चौराह की ओर नहीं जा सकेंगी बल्कि पक्का पुल या इन्जीनियरिंग कालेज चौराहे से टेढ़ी पुलिया, वायरलेस चौराहा महानगर और सिकन्दरबाग होकर अपने गन्तव्य को जाएंगी।

इसके अलावा कैसरबाग और हजरतगंज से आने वाले वाहन सुभाष चौराहे से आईटी, कपूरथला की ओर नहीं जाएंगे बल्कि डालीगंज, पक्का पुल या निशातगंज और महानगर होते हुए निकलेंगे। इसी तरह आईटी चौराहे से रोडवेज और सिटी बसे विवेकानंद पॉलीक्लिनिक निराला नगर से विवेकानन्द ओवरब्रिज से कपूरथला होते हुए अलीगंज की ओर नहीं जा

सकेंगी। यह यातायात अयोध्या रोड, वायरलेस चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेगा।

——————————

प्रदेश में लू और तेज गर्मी का सिलसिला जारी है। बीते 24 घंटों में राज्य में अधिकतम तापमान 47 दशमलव छह डिग्री सेल्सियस झांसी में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की ओर से अगले दो दिनों तक पूरे प्रदेश के लिये लू की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक मौसम शुष्क रहने के साथ ही 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने कल गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, इटावा, औरैया, झांसी और आसपास के इलाकों में लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)